Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding problem faced by the Bidi workers in Jangipur district due to shifting of P.F. office from Jangipur to Behrampur, West Bengal.

श्री खलीलुर रहमान (जंगीपुर): सभापति महोदय, हमारा जो लोक सभा क्षेत्र जंगीपुर है, वह मुर्शिदाबाद डिस्ट्रिक्ट में है । जंगीपुर इलाके में 90 परसेंट आदमी बीड़ी बनाने का काम करते हैं । इसको देखते हुए, केन्द्र सरकार ने एक पी.एफ. ऑफिस बीड़ी मजदूरों के लिए जंगीपुर में खोला था । वहाँ ठीक-ठाक काम चल रहा था, लेकिन अचानक रातों-रात इस पी.एफ. ऑफिस को जंगीपुर से उठाकर बहरामपुर भेज दिया गया । यह बड़ी ही दुखद बात है । इसके बारे में किसी को कुछ मालूम ही नहीं हुआ । आज सारे काम ऑनलाइन सिस्टम से हो रहे हैं । हमारे यहाँ रूरल एरिया में इंटरनेट सर्विस बहुत ही पुअर है । इस प्रकार कैसे सिस्टम से काम चलेगा? इस काम को ठीक करने के लिए प्रयास किया जाए । वहाँ के बीड़ी मजदूरों को अपना काम कराने के लिए 80 से 100 किलोमीटर दूर बहरामपुर जाना पड़ रहा है । उनका एक दिन में काम नहीं होता है । उनको अपने साथ किसी को लेकर जाना पड़ता है । उनको आने-जाने में काफी खर्च होता है । उनको मजदूरी का खर्च भी नहीं मिलता है । मेरा बहुत ही सेनसेटिव प्वाइंट है । इन लाखों बीड़ी मजदूरों को जो दिक्कत हो रही है, उसको देखते हुए, मैं स्ट्राँगली डिमांड करता हूँ कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए ।